

# सांध्य दैनिक 4PM



यदि आप सफल होना चाहते हैं तो आपको स्वीकार्य सफलता के घिसे-पिटे रास्तों की बजाय नए रास्तों पर चलना चाहिए।

-जॉन डी. रॉकफेलर

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 232 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, शनिवार, 1 अक्टूबर, 2022

सपना चौधरी पर चार नवंबर को... 2 | यूपी में पांव जमाने की तैयारी में... 3 | यूपी से जब भाजपा हारेगी तभी केंद... 7

# 5जी लॉन्च, संचार क्रांति के नये युग का आगाज

» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबाकर लॉन्च की 5जी सेवा

» अभी दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत 13 शहरों में मिलेगी ये सेवा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश में 5जी सेवा लॉन्च कर दी है। 4जी के बाद 5जी सेवा शुरू होने से संचार क्रांति के एक नए युग की शुरुआत हो गई है। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ और अहमदाबाद समेत देश के 13 शहरों में आज से 5जी सर्विस की सेवा उपलब्ध हो गई है। 5जी से सीम लेस कवरेज, हाई डाटा रेट, लो लेटेंसी और अत्यधिक विश्वसनीय संचार प्रणाली की सुविधा मिलेगी।

पीएम मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में 5जी सर्विस की लॉन्चिंग कर दी है। इस दौरान उनके साथ दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, रिलायंस कंपनी के मुकेश अंबानी और भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मौजूद रहे। 5जी लॉन्चिंग कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयासों से भारत में डेटा की कीमत बहुत कम बनी हुई है। ये बात अलग है कि हमने इसका हल्ला नहीं मचाया, बड़े-बड़े विज्ञापन नहीं दिए। हमने सिर्फ फोकस किया कि कैसे देश के लोगों की सहूलियत बढ़े, Ease of Living बढ़े। पीएम



## इन 13 शहरों में 5जी सर्विस शुरू

देश के जिन 13 शहरों में सबसे पहले 5जी सेवा को लॉन्च किया गया है। उनमें दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, गांधीनगर, गुरुग्राम, हैदराबाद, कोलकाता, जामनगर, लखनऊ, पुणे जैसे शहर शामिल हैं। इसके दो साल बाद पूरे देश में 5जी सेवा का तेजी से विस्तार किया जाएगा।

मोदी ने कहा कि हमने चार पिलर्स पर चार दिशाओं में एक साथ फोकस किया है। पहला है डिवाइस की कीमत, दूसरा है डिजिटल कनेक्टिविटी, तीसरा है डेटा की कीमत, चौथा और सबसे जरूरी डिजिटल फर्स्ट की सोच है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि नया भारत, टेक्नोलॉजी का सिर्फ कन्ज्यूमर बनकर नहीं रहेगा बल्कि भारत उस टेक्नोलॉजी के विकास में उसके क्रियान्वयन में एक्टिव भूमिका निभाएगा। भविष्य की वायरलेस टेक्नोलॉजी को डिजाइन करने में उससे जुड़ी मैन्यूफैक्चरिंग में भारत की बड़ी भूमिका होगी। इस दौरान भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक व अध्यक्ष ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दिन है। एक नए युग की शुरुआत होने वाली है। यह शुरुआत आजादी के 75वें साल में हो रही है और देश में एक नई जागरूकता, ऊर्जा की शुरुआत करेगी। यह लोगों के लिए कई नए अवसर खोलेगा।

## 5जी सर्विस देश के द्वार पर नए दौर की दस्तक

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश की ओर से देश की टेलीकॉम इंडस्ट्री की ओर से 130 करोड़ भारतवासियों को 5जी के तौर पर एक शानदार उपहार मिल रहा है। 5जी सर्विस देश के द्वार पर नए दौर की दस्तक है। 5जी सर्विस अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत है। मैं प्रत्येक भारतवासी को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

# पाकिस्तान सरकार का ट्विटर अकाउंट भारत में बैन

» सुरक्षा के मद्देनजर ट्विटर ने लिया फैसला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




नई दिल्ली। पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भारत में रोक लगा दी गई है। ट्विटर के अनुसार ऐसा भारत सरकार की कानूनी मांग पर किया गया है। ट्विटर के इस कदम के साथ ही अब भारत में पाक सरकार के इस अकाउंट @GovtofPakistan का कोई भी ट्वीट नहीं दिखेगा। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई सुरक्षा कारणों से की गई है।

ट्विटर की पालिसी के अनुसार यह कदम स्थानीय नियमानुसार उठाया जाता है। इसके जरिए सुरक्षा और स्थानीय कानूनों को ध्यान में रखते हुए उपयोगकर्ता की अभिव्यक्ति का सम्मान भी किया जाता है। बता दें कि तीन हफ्ते पहले भी यह रोक लगाई गई थी। ट्विटर ने जुलाई में गाइडलाइनों के उल्लंघन पर भारतीय यूजर्स के 45,191 अकाउंट्स पर रोक लगा दी थी। ट्विटर ने ये एक्शन अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट के बाद लिया था। ट्विटर सरकार के नए नियमों का कड़ाई से पालन कर रहा है।

# विपक्ष के नेता खड़गे का राज्यसभा से इस्तीफा

## मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष बनना लगभग तय

» एक नेता एक पद को ध्यान में रखते हुए दिया त्यागपत्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

### यूपी के कांग्रेस अध्यक्ष बने बृजलाल खाबरी

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष समेत छह प्रांतीय अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। जालौन से सांसद रहे बृजलाल खाबरी को यूपी कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, नुकुल दुबे, वीरेंद्र चौधरी, योगेश दीक्षित, अनिल यादव(इटावा) प्रांतीय अध्यक्ष बने।

लखनऊ। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ये फैसला कांग्रेस के चिंतन शिविर में पास हुए प्रस्ताव के बाद लिया है। बताया जा रहा है कि खड़गे ने अपना इस्तीफा राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सौंपा है। सूत्र बताते हैं कि थोड़ी देर में वे सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे।



दरअसल, मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नामांकन किया था। इसको देखते हुए उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से अपना इस्तीफा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर और केएन त्रिपाठी हैं। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख आठ अक्टूबर है। 17 अक्टूबर को मतदान होगा और परिणाम 19 अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। खड़गे को राजनीति में 50 सालों का अनुभव है। उन्होंने गांधी परिवार का करीबी माना जाता है।

# हमारी सरकार में माफियाओं की पूजा नहीं होती : केशव

» डिप्टी सीएम ने सपा नेता आजम खान पर साधा निशाना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। झांसी में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जौहर यूनिवर्सिटी में चल रही जांच के सवाल पर कहा कि यह जौहर विश्वविद्यालय की समस्या है, सरकार की समस्या नहीं है। सरकार का काम है कहीं कोई गलत हुआ है, उसकी जांच करना और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई भी अपराधी या कोई भी माफिया होगा। एक बात सुन ले हमारी सरकार में माफियाओं पर कार्रवाई होती है, उनकी पूजा नहीं होती। अखिलेश यादव अपराधियों के सरगना है, माफिया और दंगाइयों के सरगना है।

उनके बयान आना कोई आश्चर्यजनक नहीं है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जांच में पीएफआई देश में हिंसा करने वाला, देश के खिलाफ साजिश करने वाला, देश की एकता अखंडता को खतरा पहुंचाने वाला संगठन पाया गया है। उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य कई राज्यों ने भी भारत सरकार को अनुरोध भेजा था कि इस पर प्रतिबंध लगाया जाए। जो केवल मुस्लिम वोटों की फसल काटना चाहते हैं, उनको आने वाले दिनों में इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इनको मुसलमान भी वोट नहीं देगा। क्योंकि मुसलमानों की बहुत बड़ी संख्या भी पीएफआई के विरोध में है। इसके पहले उन्होंने विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक की। मालूम हो कि एनआईए की टीम ने पिछले हफ्ते 22 सितंबर को देशभर के कई हिस्सों में छापेमारी की थी। इस संगठन से जुड़े कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी। जांच के दौरान खुलासा हुआ था कि इससे जुड़े लोग साल 2047 तक भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए नेटवर्क विकसित कर रहे थे। पीएफआई और इससे जुड़े लोगों की गतिविधियों पर पिछले कई महीनों से नजर रखी जा रही थी। राष्ट्रीय महिला मोर्चा और कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया समेत संगठन की कई और ब्रांच हैं। देश के 20 से अधिक राज्यों में इसकी शाखाएं चल रही थी।

## आजम खान को हाईकोर्ट से राहत, गिरफ्तारी पर रोक



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। रामपुर के अजीम नगर कोतवाली में नगरपालिका की सफाई मशीन को चोरी करने के आरोप में दर्ज मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दोनों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब भी किया है। मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में होने की उम्मीद है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने आजम खान के अधिवक्ता इमरान उल्ला और विनीत विक्रम को सुनने के बाद गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। कोर्ट में आजम खान की तरफ से कहा गया कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

# चाहे जितने मुकदमे करवा दे सरकार, खेतों में लगेंगे कटीले तार : राकेश टिकैत

» किसान छुट्टा मवेशियों से फसलों की रक्षा कैसे करें, सरकार बताए

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने श्रावस्ती में कहा कि बड़ी-बड़ी कोठियों में बैठकर किसानों की समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता। सरकार ने कटीले तारों पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन सरकार ने ये नही बताया कि किसान छुट्टा मवेशियों से अपने फसलों की रक्षा कैसे करें। किसान अब या तो फसलों की सुरक्षा कर ले, या मुकदमा लिखवा लें। तो मुकदमा लिखवाना ही ठीक है। खेतों में कटीले तार तो लगेंगे। फिर चाहे सरकार किसानों पर जितना मर्जी मुकदमा लिखवा ले।

राकेश टिकैत ने कहा कि ब्लेड वाले तारों से पशुओं को खतरा है, लेकिन कटीले तार नुकसान दायक नहीं हैं। गौशाला व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगाते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि गौशाला के नाम पर इतना बजट दिया जा रहा है, तो फिर इतने छुट्टा पशु क्यों हैं। सरकार सभी पशुओं को गौशाला में क्यों नहीं रख देती। अगर ऐसा हो, तो किसान तार ही न लगाएं। गन्ना खरीद पर उन्होंने कहा कि कुछ मिलों ने तो गन्ना भुगतान कर दिया है, लेकिन कुछ का दो-दो साल से बकाया है। इस पर अधिकारियों व मिल प्रबंधन से बात की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गन्ना खरीद शुरू होने से पहले किसानों का बकाया गन्ना भुगतान करवाया जायेगा। इसका पालन सब करें। इससे पूर्व किसान यूनियन जिलाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा ने जरवल में राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत किया गया।

# भूपेंद्र सिंह बोले- 24 में जनता सपा को फिर करेगी बेनकाब

» सपा सरकार में दलितों का हुआ सबसे अधिक उत्पीड़न

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अखिलेश पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि जनता की ओर से चार बार नकारे जाने के बाद भी एक ही व्यक्ति को बार-बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर चुना जाना साबित करता है कि पार्टी में दूसरा कोई योग्य व्यक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा के प्रोपेगेंडा को 2024 में फिर जनता बेनकाब करेगी और पूरी सपा जीरो पर आउट होगी।

भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव प्रोपेगेंडा फैलाने के ब्रांड एंबेसडर हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर 'दूध का दूध और पानी का पानी' होगा। भ्रष्टाचार, जंगलराज, परिवारवाद, तुष्टीकरण ही समाजवादी पार्टी का डीएनए है और प्रदेश को गर्त में धकेलने की सजा जनता उसे दे रही है। उन्होंने कहा कि सपा का राष्ट्रीय अधिवेशन परिवारवाद की पराकाष्ठा का सबसे बड़ा नमूना है। पूरी पार्टी धरातल की सच्चाई से कोसों दूर है। वहीं डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने के अखिलेश के संदेश पर भी टिप्पणी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा सरकार में सबसे अधिक उत्पीड़न दलितों का हुआ, यह बात आज भी दलित समाज भूला नहीं है। बाबा साहब और लोहिया के विचारों से सपा भटक चुकी है।

# नौ अक्टूबर तक हाईकोर्ट रहेगा बंद



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट दशहरा के उपलक्ष्य में नौ अक्टूबर तक बंद रहेगा। हालांकि न्यायपीठों द्वारा दिए गए आदेश की प्रति सोमवार यानी दो अक्टूबर तक अधिवक्ताओं को मिल सकेगी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव एसडी सिंह जादौन ने बताया कि हाईकोर्ट प्रशासन ने दशहरे की छुट्टियों की घोषणा पहले की कर दी है। लेकिन आदेश उपलब्ध कराने की व्यवस्था सोमवार तक के लिए बहाल की गई है। अगर किसी भी अधिवक्ता को आदेश की प्रति लेनी हो तो वह उसे प्राप्त कर सकते हैं।

# भाजपा ने 17 नगर निगमों के बनाए चुनाव प्रभारी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




लखनऊ। विपक्षी दलों की तुलना में कहीं तेज चलते हुए भाजपा ने नगर निगम चुनाव के लिए मैदान सजाना शुरू कर दिया है। इस वर्ष के अंत में प्रस्तावित चुनाव के लिए तैयारियों को मिशन मोड पर शुरू करने के लिए शुक्रवार को पार्टी ने सभी 17 निगमों के लिए चुनाव प्रभारी, सह-प्रभारी और चुनाव संयोजक नियुक्त कर दिए।

भाजपा ने 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 सीटें जीतने लक्ष्य तय किया है। उससे पहले होने जा रहे नगर निकाय चुनाव को लेकर भी पार्टी उतनी ही गंभीर है। चूंकि इन चुनावों के परिणामों से भी माहौल बनाया जा सकता है, इसे देखते हुए नगर निकाय की भी सभी सीटें जीतने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। सरकार और संगठन के बीच समन्वय पर जोर देने वाली पार्टी ने इन चुनावों के लिए प्रभारी, सह-प्रभारी और संयोजक बनाने में इसका पूरा ध्यान रखा है। नगर निगमों में सफलतापूर्वक चुनाव कराने की जिम्मेदारी सरकार के मंत्रियों के साथ ही संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी सौंपी गई है। कई दिन से चल रहे मंथन के बाद इन नामों पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मुहर लगाई है। इसमें प्रभारी और सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दूसरे जिलों से संबंध रखने वाले नेता संभालेंगे, जबकि संयोजन का दायित्व स्थानीय नेता को दिया गया है।

## बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी



# सपना चौधरी पर चार नवंबर को तय होगा आरोप

» दस मई को कोर्ट में किया था आत्मसमर्पण

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। डांस का कार्यक्रम रद्द करने व टिकट का पैसा भी वापस नहीं करने के एक मामले में मशहूर डांसर सपना चौधरी शुक्रवार को अदालत में हाजिर हुई। इस मामले के तीन अन्य अभियुक्त भी हाजिर थे। सपना समेत इस मामले के सभी अभियुक्तों पर आरोप तय होना था लेकिन एक अभियुक्त जुनैद अहमद उपस्थित नहीं था। इसकी तरफ से हाजिरी माफी की अर्जी दी गई थी।

लिहाजा एसीजेएम शांतनु त्यागी ने आरोप तय करने के लिए चार नवंबर की तारीख तय कर दी। एक मई, 2019 को इस मामले में सपना चौधरी के खिलाफ किसी व्यक्ति के विश्वास का हनन व धोखाधड़ी करने के मामले में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। जबकि 20 जनवरी, 2019 को इस कार्यक्रम के आयोजक जुनैद अहमद, इवाद अली, अमित पांडेय व रत्नाकर उपाध्याय के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 व 420 में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बीती 10 मई को इस मामले में अभियुक्ता सपना चौधरी ने आत्मसमर्पण किया था व अंतरिम जमानत की गुहार लगाई थी।




# अब विधानसभा में यूथ पार्लियामेंट!

## युवाओं को राजनीति के प्रति प्रेरित करने के लिए होगी पहल

» महिला विधायकों के विशेष सत्र के बाद अब यूथ पार्लियामेंट को लेकर हो रहा मंथन

» विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने निकट भविष्य के लिए तय लक्ष्य गिनाए

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। अपने छह माह के कार्यकाल के 'नवाचार' साझा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने निकट भविष्य के लिए तय लक्ष्य भी गिनाए। संसदीय व्यवस्था में परिवर्तन के साथ ही प्रबेधन जैसे कार्यक्रमों पर उनका जोर रहेगा। पहली बार महिला विधायकों के लिए विशेष सत्र आयोजित करने वाले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने तय किया है कि अब विधानसभा में यूथ पार्लियामेंट आयोजित करने की भी पहल की जाएगी।

विधानभवन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि जल्द ही युवा संसद (यूथ पार्लियामेंट) आयोजित करने की योजना है, जिसमें युवाओं को आमंत्रित किया जाएगा। इस युवा संसद की रूपरेखा को शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाएगा। इस युवा संसद का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि प्रदेश के युवा, संसद एवं उसकी कार्यवाही के प्रति संवेदनशील हों और उनको इस बात के लिए उत्साहित किया जा सके कि वे संसदीय जीवन में आने की भी अभिलाषा रखें। कहा कि संभवत: ऐसा पहली बार हो रहा है। सतीश महाना ने आगे कहा क प्रश्नकाल में 20-20 प्रश्न लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही ठीक तरह से चलाने में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव से भी सहयोग मिला। सभी विधायकों का भी सदन संचालन में सहयोग मिला।



### संसदीय रिपोर्टिंग के लिए पत्रकारों के लिए कार्यशाला

सतीश महाना के अनुसार संसदीय रिपोर्टिंग के लिए पत्रकारों के लिए भी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों अभिनव प्रयोग करते हुए विधानसभा के सदस्यों को उनकी शैक्षणिक योग्यता और व्यवसाय के आधार पर समूह बनाकर उनके साथ संवाद करने से उनकी समस्याओं की जानकारी मिली। मुख्य उद्देश्य यह है कि इससे सदन के संचालन में भी सहयोग रहता है। भविष्य में विशेषज्ञ समूह बनाकर उन्हें अलग-अलग जगह विजिट के लिए भेजा जाएगा।

### विधायकों की गाड़ियों में लगेगी चिप

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को संसद की तरह चाक-चौबंद किया जा रहा है। एक्सेस कंट्रोल सिस्टम लग चुका है। दूसरे चरण में सभी विधायकों की गाड़ियों में चिप भी लगाई जाएगी, ताकि वह बिना रोकटोक आ-जा सकें और बाकी गाड़ियों को रोककर जांच की जाए।

### दोनों सत्रों में सदन एक बार भी नहीं हुआ स्थगित

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा में पहली बार महिला विधायकों के लिए एक विशेष सत्र हुआ, जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई। उस सत्र में सभी के भाषणों पर पुस्तक प्रकाशित कराई जाएगी, जिसे संसद व सभी राज्यों की विधानसभा में भेजेंगे। इसके अलावा विधानसभा की प्रक्रिया एवं नियमावली की जटिलताओं के सरलीकरण की योजना भी है। ताकि नवनिर्वाचित विधायकों को उसे समझने में कठिनाई न हो। उपलब्धियों की चर्चा करते हुए महाना बोले कि देश की सबसे बड़ी उत्तर प्रदेश विधानसभा में ई-विधान की व्यवस्था लागू की गई, जिसको पूरे देश में सराहा गया। वहीं अठारहवीं विधानसभा के गठन के बाद दोनों सत्रों में यह विशेष उपलब्धि रही कि सदन एक बार भी स्थगित नहीं हुआ।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे काम करने के टिप्स दिए थे। उसके अनुसार काम कर नई परम्परा शुरू की। उन्होंने बताया कि हमने विधानसभा लॉबी में विधायकों के सोने की व्यवस्था समाप्त की है। लॉबी में कॉफी मशीन लगाई गई हैं।

# यूपी में पांव जमाने की तैयारी में जद यू

## लोकसभा के चुनाव में करीब 20 सीटों पर प्रत्याशी उतारने पर चल रहा मंथन

» गठबंधन हुआ तो ठीक, वरना पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ने को तैयार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। बिहार की जदयू पार्टी उत्तर प्रदेश में भी अपने पैर पसारना चाहती है। लोकसभा चुनाव में अभी डेढ़ साल से ज्यादा का समय बाकी है पर तैयारी जदयू ने शुरू कर दी है। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फूलपुर संसदीय सीट से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भले ही संशय हो, लेकिन पार्टी चुनाव में गठबंधन होने की स्थिति में 15 से 20 सीटों पर दावा करने जा रही है। यूपी के रास्ते दिल्ली पहुंचने के लिए पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने बीते तीन एवं चार सितंबर को बिहार में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष फूलपुर, मिर्जापुर और अंबेडकरनगर में से किसी एक सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था।

हालांकि यूपी के पदाधिकारियों को अब भी नीतीश के जवाब का इंतजार है। इन सबके बीच पार्टी जिस तेजी से यूपी में सक्रिय हो रही है, उससे यह संकेत जरूर मिल रहे हैं कि गठबंधन हुआ तो ठीक, वरना पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ने को तैयार है। पार्टी ने यूपी में सदस्यता अभियान शुरू किया है। नवंबर के अंत तक 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है, जो अभी 50 हजार तक पहुंचा है। हालांकि पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने प्रदेश की सिर्फ तीन सीटों सोनभद्र, कानपुर एवं पीलीभीत से जोर आजमाइश की थी और तीनों ही सीटों पर जमानत जब्त हो गई थी। इसी से सीख लेकर इस बार पार्टी चुनाव से पहले यूपी में अपना आधार मजबूत करने में जुटी है। पार्टी ने युवाओं के बीच भी जगह बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में फीस वृद्धि के आंदोलन में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल का शामिल होना इसी ओर इशारा कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने इस मामले में कहा था कि जल्द ही विश्वविद्यालय में पार्टी अनुषांगिक छात्र संगठन बनाया जाएगा। अन्य विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में भी एक माह के भीतर यह प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य है। नौ शहरों में छात्र संगठन बनाए जा चुके हैं।



### क्या तेजस्वी को 2023 में ही सीएम बना केंद्र की राजनीति करेंगे नीतीश?

साल 2023 में बिहार की सत्ता तेजस्वी यादव को सौंपकर नीतीश कुमार देश की राजनीति करेंगे। बिहार राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने यह बात कही। आरजेडी में जगदानंद सिंह का कद पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बाद दूसरे नंबर पर माना जाता है। इसे देखते हुए उनके बयान को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस बयान के बाद बिहार में राजनीति भी गरमा गई है। जगदानंद सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार की घोषणा के अनुसार लग रहा है कि वे 2022 बीतने के बाद 2023 में देश की लड़ाई लड़ेंगे और तेजस्वी को बिहार सौंप देंगे। देश नीतीश कुमार का तो बिहार तेजस्वी यादव का इंतजार कर रहा है। विदित हो कि बिहार की वर्तमान सरकार का कार्यकाल साल 2025 तक है। ऐसे में जगदानंद सिंह की मानें तो नीतीश कुमार अपने वर्तमान कार्यकाल के बीच में ही पद से इस्तीफा देकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बना देंगे।

### अंतिम निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व ही करेगा

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप पटेल का कहना है कि पार्टी अगर यूपी में गठबंधन करती है तो 15 से 20 सीटों पर दावेदारी करेगी। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व ही लेगा। नौ अक्टूबर को राष्ट्रीय सचिव एवं एमएलसी रावेंद्र लखनऊ आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले निकाय चुनाव में भी जदयू भागीदारी करेगी। निकाय चुनाव में गठबंधन को समर्थन करेंगी। ताकि सत्ता विरोधी दल को हमारी ताकत का अहसास हो सके।



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# श्रीनगर में थियेटर खुलने से खुशी का माहौल

> वर्तमान में जिस तरह का माहौल है, उसमें जो लोग शुरुआती दौर में सिनेमा देखने जायेंगे, उन पर सरकार का साथ देने का आरोप लग सकता है। कश्मीर में पर्यटक बड़ी संख्या में जाते हैं। वे तो थिएटर जायेंगे, पर स्थानीय लोगों की क्या प्रतिक्रिया होगी, यह देखना होगा। जहां तक पर्यटकों और स्थानीय लोगों के संबंधों की बात है, तो वह पूरी तरह से एक व्यावसायिक संबंध है।

*जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में सिनेमाघर खुलने से लोगों में खुशी का माहौल है। नब्बे के दशक के शुरू में सिनेमाघर बंद हुए, फिर 1997 में उन्हें दुबारा खोलने की कोशिश की गयी, पर विस्फोटों के बाद थिएटर मालिकों ने ऐसी कोशिश नहीं की। वहां का सबसे प्रसिद्ध सिनेमाघर था, वहां अब एक मॉल बन चुका है। बहरहाल, थिएटर खुलना अच्छी पहल है, पर वहां निर्वाचित सरकार नहीं होने तथा जनता की भागीदारी नहीं होने से इसे कितनी सफलता मिलेगी, कह पाना मुश्किल है। वर्तमान में जिस तरह का माहौल है, उसमें जो लोग शुरुआती दौर में सिनेमा देखने जायेंगे, उन पर सरकार का साथ देने का आरोप लग सकता है। कश्मीर में पर्यटक बड़ी संख्या में जाते हैं। वे तो थिएटर जायेंगे, पर स्थानीय लोगों की क्या प्रतिक्रिया होगी, यह देखना होगा। जहां तक पर्यटकों और स्थानीय लोगों के संबंधों की बात है, तो वह पूरी तरह से एक व्यावसायिक संबंध है।*

*पिछले कुछ समय से कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं और इस बारे में आंदोलन भी चल रहा है। यह जो सिनेमा हॉल खुल रहे हैं, उनके मालिक भी कश्मीरी पंडित हैं। कश्मीर में दो तरह के कश्मीरी पंडित हैं. एक वे हैं, जिन्होंने नब्बे के दशक में भी घाटी नहीं छोड़ी, उनके वहीं घर हैं और वे रहते हैं। दूसरे कश्मीरी पंडित वे हैं, जिनका पुनर्वास प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में बनी रोजगार योजना के तहत हुआ है। उनके लिए कैंप बनाये गये। पिछले दिनों जिनकी हत्या हुई, वे कैंप में ही रहते थे। सूचनाओं की मानें, तो अधिकतर कैंप खाली पड़े हुए हैं। लोग या तो जम्मू चले गये हैं या अपने परिवार को वहां भेजकर अकेले रह रहे हैं। श्रीनगर के अलावा अन्य कस्बों और शहरों में भी थिएटर खुलने चाहिए। हो सकता है कि शुरू में विरोध हो या उत्साहजनक प्रतिक्रिया न मिले, लेकिन धीरे धीरे उसे कश्मीरी समाज में स्वीकार्यता मिलेगी। मैं जितना उस समाज को समझता हूं, उसके आधार पर कह सकता हूं कि फैशन को लेकर वहां बहुत उत्साह है। कई बार तो दिल्ली के फैशन से आगे की चीजें श्रीनगर में दिख जाती हैं। कश्मीर में घूमने-फिरने का भी खूब चलन है। सप्ताहांत में अगर आप निकलें, तो पायेंगे कि लोग झील किनारे और बागों में बैठे हुए हैं। जब पर्यटन का मौसम नहीं भी रहता है, तब भी आपको ऐसे दृश्य खूब मिल जाएंगे। किसी भी बड़े शहर या महानगर में जो सुविधाएं होती हैं, वे श्रीनगर में भी होनी चाहिए। इसलिए सिनेमाघर का खुलना अच्छी पहल है। कश्मीर को इन मामलों में पिछड़ा बनाये रखने की हिमायत नहीं की जा सकती है। सिनेमाघर खुलेंगे, तो साथ में दुकानें, खाने-पीने की जगहें भी बढ़ेंगी, जिनका अच्छा आर्थिक प्रभाव होगा और कुछ रोजगार के अवसर भी बनेंगे। सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है।*

**(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)**

# क्या भारत और कांग्रेस दोनों को जोड़ पाएंगे राहुल गांधी?

ओंकार नाथ सिंह

राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा जब से शुरू हुई है तब से ही यह चर्चा का विषय बनी हुई है। भारतीय जनता पार्टी में बेचैनी है और नित्य कोई न कोई आलोचना का कारण ढूंढती रहती है। इधर कुछ राजनीतिक दल भारत जोड़ो यात्रा को कांग्रेस जोड़ो यात्रा बताते हैं तो कुछ इसे कहते हैं कि यह पूरे देश में क्यों नहीं हो रही है? जाहिर है वास्तविक कारण कोई नहीं समझ पा रहा है कि यह यात्रा क्यों और किस मकसद से प्रारंभ हुई है। दरअसल, वर्तमान परिस्थितियों में भारत ही नहीं समूचे विश्व में एक घृणा का वातावरण उत्पन्न हो रहा है या यह कह सकते हैं दक्षिण शक्ति पंथियां हावी हो रही हैं। इसका मतलब है कि हर देश में जो बहुमत के लोग हैं वह चाहते हैं कि देश के अंदर उनकी ही विचारधारा का आदर हो और बाकी लोग उसके अनुसार चलें।

तमाम चुनौतियों और संघर्षों के बीच राहुल गांधी निकल तो पड़े हैं अपनी यात्रा पर, लेकिन क्या वो सचमुच भारत और कांग्रेस को अपने पक्ष में जोड़ पाएंगे? जिस समय राहुल गांधी अपनी इस यात्रा पर निकले हैं वो बहुत महत्वपूर्ण है। जहां एक ओर खुद कांग्रेस के अपने अंतर्द्वंद हैं वहीं पूरे देश में भी विचारधाराओं का टकराव अपने चरम पर है। इधर, अभी हाल ही में आपने देखा कि इटली की सत्ता ब्रदर्स ऑफ इटली कि नेता जीओजिया मेलोनी की अगुवाई में मिली है जो फासीवादी तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी से खासा प्रेरित है। यूरोप में हाल ही में फ्रांस स्पेन और स्वीडन के चुनाव को दक्षिणपंथी पार्टियों के सत्ता में आने के सिलसिले के तौर पर भी देखा जा सकता है। जाहिर है जिस प्रकार से दक्षिणपंथी शक्तियां अधिकांश देशों में हावी हो रही हैं प्रसिद्ध दार्शनिक प्लेटो का कथन याद आ रहा है जिन्होंने अपनी किताब (द रिपब्लिक) में आज से 2400 वर्ष पहले लिखा था। यह किताब ग्रीक भाषा में लिखी गई है। उन्होंने लिखा है- लोगों की सरकार फैसले लेने में उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी नेता के लिए मतदान करना उन्हें काफी जोखिमभरा लगता है क्योंकि उनके मुताबिक मतदाता उम्मीदवार की प्रसंगिक बातों, उनके व्यक्तित्व और भाषण से प्रभावित हो सकता है चाहे उस व्यक्ति में सरकार चलाने की योग्यता ना हो।

उनके इस कथन से प्रभावित होकर उनके गुरु सुकरात ने कहा लोकतंत्र अराजकता का सुखद रूप है। कालांतर में आपने विश्व का इतिहास देखा कि किस प्रकार दो बार नेताओं के प्रभाव में विश्व के लगभग सभी देशों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विश्व युद्ध कूदना पड़ा और उसका कितना भयावह परिणाम हुआ यह सबके सामने है। इन विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी जी इस यात्रा के माध्यम से भारत को यह संदेश देना चाहते हैं कि देश में रहने वाला प्रत्येक नागरिक समान रूप से देखा जाए। अल्पमत में रहने वालों को हेय दृष्टि से ना देखा जाए। हमारा हिंदू धर्म विशाल है जिसका कोई अंत ही नहीं है। यह वह धर्म है जिसका कोई एक नियम, संगठन या संस्थापक नहीं है, जिसका कोई एक ग्रंथ नहीं है। अनेकों ग्रंथ हैं जिसे विशाल ज्ञान का भंडार भरा पड़ा है। हमें अपने पूर्वजों पर गर्व है। आदि शंकराचार्य पर गर्व है जिन्होंने इस धर्म का प्रचार प्रसार कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से उड़ीसा तक पूरे देश में किया। उन्हे बारंबार प्रणाम है। हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सवपल्ली राधाकृष्णन ने हिंदुओं का अंग्रेजी में वर्णन किया है जिसका सारांश इस प्रकार है- यह एक सांस्कृतिक इकाई है जिसका एक समान इतिहास, साहित्य और सभ्यता है। अभी तक जो भी हिदुत्व के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है। मैं अपने आपको उसका उत्तराधिकारी मानता हूं जो मुझे उस समय में ले जाता है। मैं इस बात से पूरी तरह से सहमत हूं कि जो मेरे दोस्त, हमारे हिंदू साथी को मेरे जैसे हिंदुत्व की आवश्यकता नहीं लगती और अब वह विदेश में रहते हैं और भारतीय नहीं हैं, मुझे उनसे कोई गुरेज नहीं है। लेकिन मैं इस भौगोलिक और सांस्कृतिक हिंदुत्व में बहुत संतुष्ट हूं जो



मुझे मेरे पूर्वजों के अतीत से जोड़ता है।) परंतु हमारे हिंदुत्व ने कभी भी किसी धर्म का विरोध नहीं किया। भारत एक लोकतंत्र देश है और जब यह देश आजाद हो रहा था तो उस समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने कहा था- स्वतंत्रता के बाद भारत की सत्ता दुष्टों बदमाशों और लुटेरों के हाथ में चली जाएगी।

आज दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि बात कुछ हद तक सही दिखती लग रही है। राहुल जी की यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह है कि विश्व के लोग भारत को भाजपा सरकार के कारनामों से हिंदुओं और भारत से मत घृणा करें। हमारा देश विविधता से भरा है और हम सभी धर्मों का समान रूप से आदर करते हैं। हमारा प्रत्येक नागरिक भारतीय है चाहे वह किसी भी धर्म का हो और उसका समान अधिकार है।

# आतंकवाद के वित्तपोषक संगठनों पर कुठाराघात की जरूरत

विक्रम सिंह

आतंकी फंडिंग और अन्य गतिविधियों के कारण पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई और उसके अनुषंग संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंध का मैं स्वागत करता हूं। यह कदम और पहले उठाया जाना चाहिए था। गौर करने की बात है कि वर्ष 2011 में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने डीजीपी के सम्मेलन में यह सूचित किया था कि पीएफआई केरल और कर्नाटक के जंगलों में शस्त्राभ्यास कर रहा है। उसके ग्यारह साल बाद अब जाकर इस पर कार्रवाई हुई है। हालांकि पीएफआई के हिंसात्मक क्रियाकलापों को देखते हुए सरकार ने इस पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली थी। इसी के तहत देशभर में पीएफआई से जुड़े लोगों की शिनाख्त के लिए बड़े पैमाने पर और दो बार छापे मारे गए। पहले चरण में 22 सितंबर को एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) और ईडी (प्रवर्तन निर्देशालय) ने देश भर में पीएफआई के दफ्तरों पर छापे मारे और इसके नेताओं/सरगनाओं को हिरासत में लिया और गिरफ्तार भी किया।

फिर अलग-अलग राज्यों में पुलिस ने 27 सितंबर को इस संगठन के ठिकानों पर छापा मारा और इससे जुड़े और लोगों को शिकंजे में कसा। और अब आखिरकार इस पर पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। दक्षिण भारत के तीन मुस्लिम संगठनों-केरल के नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट, कर्नाटक के फोरम ऑफ डिग्निटी और तमिलनाडु के मनिता नीति पसराई को मिलाकर पीएफआई का गठन हुआ था। सिमी (स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया) और आईएम (इंडियन मुजाहिदीन) पर लगे प्रतिबंध के बाद उभरे इस संगठन ने खुद को



अल्पसंख्यकों, दलितों और हाशिये पर के समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले संगठन के रूप में पेश किया। वर्ष 2009 में पीएफआई से ही एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया) नाम का राजनीतिक दल निकला। पीएफआई भले चुनाव नहीं लड़ता, लेकिन एसडीपीआई का दक्षिण भारत के मुस्लिम बहुल इलाकों में असर है।

दक्षिण कन्नड़ के तटीय इलाकों और उडुपी में उसने न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज की है, बल्कि स्थानीय स्तर के चुनाव में कमोबेश सफलता भी हासिल की है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में दक्षिण कन्नड़ से इसके उम्मीदवार खड़े हुए थे, जिन्हें क्रमश: एक और तीन फीसदी वोट मिले थे। लेकिन दक्षिण भारत में बहुत जल्दी पीएफआई का असली चेहरा नजर आ गया। वर्ष 2012 में ओमान चांडी के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया था कि पीएफआई कोई स्वतंत्र संगठन नहीं, बल्कि प्रतिबंधित संगठन सिमी का ही नया रूप है। अदालत में हलफनामा दाखिल कर चांडी सरकार ने बताया था कि पीएफआई पर माकपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 27 कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले हैं, और हत्या का उद्देश्य सांप्रदायिक है। उसके दो साल बाद केरल सरकार ने अदालत में दाखिल एक दूसरे शपथपत्र में कहा कि पीएफआई का छिपा एजेंडा धर्मांतरण, इस्लाम के हक में मुद्दों का सांप्रदायीकरण और इस्लाम के दुश्मनों का खात्मा करने के लिए कट्टर मुस्लिम युवा तैयार करना है। इन क्रियाकलापों के जरिये वह समाज का इस्लामीकरण करना चाहता है। केरल में पीएफआई की सबसे मजबूत उपस्थिति है, जहां इसके सदस्यों पर हत्या करने, दंगा फैलाने, धमकाने और आतंकी संगठनों से संबंध रखने के आरोप हैं। खुद केरल उच्च न्यायालय इस साल पीएफआई को चरमपंथी संगठन कह चुका है। इसी के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में भी पीएफआई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई और 50 से ज्यादा जिलों में इसके सदस्यों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। उत्तर प्रदेश में पिछले कई साल से पीएफआई के सदस्य सक्रिय थे। लेकिन पुलिस की सख्ती और चौकसी के कारण यहां वे छिप-छिपाकर अपनी गतिविधियां चलाने को मजबूर थे। हालांकि पीएफआई के सबसे ज्यादा सदस्य कर्नाटक में पकड़े गए। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि इसका प्रभाव क्षेत्र दक्षिण भारत में ही ज्यादा है। जो लोग यह कह रहे हैं कि सिमी और आईएम पर लगे प्रतिबंध के बाद जिस तरह पीएफआई उभरा, उसी तरह इस पर प्रतिबंध लगने के बाद आने वाले दिनों में ऐसा ही कोई दूसरा संगठन खड़ा हो सकता है, वे बिल्कुल गलत कह रहे हैं। सिमी और आईएम पर जो प्रतिबंध लगे थे, वे सिर्फ उन संगठनों पर लगे थे, उनसे जुड़े लोगों पर नहीं।

इस बार पीएफआई से जुड़े लोगों पर कार्रवाई हुई है। तमाम लोगों के बायोमीट्रिक्स, हिस्ट्रीशीट और संपत्ति के ब्योरे पुलिस के पास हैं। यूएपीए की जिन धाराओं के तहत कार्रवाई हुई है, उनमें कम से कम चौदह साल की सजा होनी है। बहुतेरे लोगों की पूरी उम्र जेल की सलाखों के पीछे गुजर जाएगी। विडंबना यह है कि एक खतरनाक संगठन के खिलाफ सरकार द्वारा कदम उठाए जाने के बावजूद इसे राजनीतिक चश्मे से देखा जा रहा है। पीएफआई के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए तीन मोर्चे पर वार करना होगा। पहला यह कि इस संगठन से जुड़े लोगों की चल-अचल संपत्ति जब्त करनी होगी। दूसरा यह कि इनके सपोर्ट सिस्टम को ध्वस्त करना होगा। और तीसरा यह कि देश भर में फैले इसके स्लीपर सेल की शिनाख्त कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। तभी जाकर आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बने इस संगठन को पूरी तरह ध्वस्त करने के बारे में आश्वस्त हुआ जा सकेगा।



# दुर्गा अष्टमी

## महागौरी की पूजा का दिन होता है

शारदीय नवरात्रि का पहला दिन जैसे महत्वपूर्ण होता है, वैसे ही महा अष्टमी या दुर्गा अष्टमी और महा नवमी का दिन भी महत्वपूर्ण होता है। नवरात्रि के पहले दिन की तरह ही इन दो दिनों का भी इंतजार लोगों को बेसब्री से रहता है क्योंकि ये दोनों ही दिन पूजा पाठ की दृष्टि से विशेष होते हैं। तिरूपति के ज्योतिषाचार्य डॉ। कृष्ण कुमार भार्गव के अनुसार, महा अष्टमी या दुर्गा अष्टमी का दिन माता महागौरी की पूजा का दिन होता है। इनकी आराधना करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। आइए जानते हैं शारदीय नवरात्रि में महा अष्टमी या दुर्गा अष्टमी के महत्व के बारे में।

### व्रत पारण का समय

हिंदू पंचांग के अनुसार, नवरात्रि व्रत पारण का समय इस बार 04 अक्टूबर को दोपहर 02 बजकर 20 मिनट के बाद होगा।

### कब है दुर्गा अष्टमी ?

इस साल शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी 03 अक्टूबर दिन सोमवार को है। नवरात्रि की अष्टमी तिथि का प्रारंभ 02 अक्टूबर को शाम 06 बजकर 47 मिनट से हो रहा है। यह 03 अक्टूबर को शाम 04 बजकर 37 मिनट तक मान्य है।

### रवि और शोभन योग में दुर्गा अष्टमी

अष्टमी के दिन रवि योग और शोभन योग बना है। ये दोनों ही योग मांगलिक कार्यों के लिए शुभ हैं। शोभन योग प्रात:काल से लेकर दोपहर 02 बजकर 22 मिनट तक है। रवि योग देर रात 12 बजकर 25 मिनट से लेकर अगली सुबह 06 बजकर 15 मिनट तक है।

### कितनी कन्याओं को करें आमंत्रित

अगर आप सामर्थ्यवान हैं, तो नौ से ज्यादा या नौ के गुणात्मक क्रम में भी जैसे 18, 27 या 36 कन्याओं को भी आमंत्रित कर सकती हैं। यदि कन्या के भाई की उम्र 10 साल से कम है तो उसे भी आप कन्या के साथ आमंत्रित कर सकती हैं। यदि गरीब परिवार की कन्याओं को आमंत्रित कर उनका सम्मान करेंगे, तो इस शक्ति पूजा का महत्व और भी बढ़ जाएगा। यदि सामर्थ्यवान हैं, तो किसी भी निर्धनकन्या की शिक्षा और स्वास्थ्य की यथायोग्य जिम्मेदारी वहन करने का संकल्प लें।

## महा अष्टमी दुर्गा अष्टमी का महत्व

- जो लोग नवरात्रि में पूरे 09 दिनों तक व्रत नहीं रख पाते हैं, वे पहले दिन और अष्टमी का व्रत रखते हैं।
- दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा करते हैं। भगवान शिव के वरदान से माता पार्वती को पुन: गौर वर्ण प्राप्त हुआ था क्योंकि शिव जी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तप के कारण उनका रंग काला पड़ गया था।
- दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन कराने का विधान है। इस दिन 02 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं का पूजन किया जाता है। हर उम्र की कन्या अलग अलग देवियों का रूप होती हैं। उनके अलग अलग आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## कैसे करें कन्या पूजन

कन्या भोजन से पहले कन्याओं को आमंत्रित कर उनका स्वागत करें, उनके पैर धोएं, उनका श्रृंगार करें और उसके बाद उन्हें भोजन करवाएं। भोजन में मिष्ठान और फल शामिल करना न भूलें। इसके बाद उन्हें यथायोग्य उपहार देकर उनके घर तक पहुंचाएं। किसी भी वर्ण, जाति और धर्म की कन्या को आप कन्या पूजन के लिए आमंत्रित कर सकती हैं।





## हंसना मना है

चिंटू: मिंटू मैंने सुना है कि तुम्हारी सगाई हो गई है, बधाई हो तुम्हें मिंटू: हां पर मैंने सगाई तोड़ दी चिंटू: क्यों क्या हुआ मिंटू: सर मैंने उससे पूछा कि तुम्हारा पहले किसी के साथ चक्कर रहा है उसने साफ मना कर दिया। चिंटू: जे तो अच्छी बात थी ना। मिंटू: सर जो किसी और की नहीं हुई वो मेरी क्या होगी

दोस्त- तेरी बीवी ने तुझे घर से क्यों निकाला? पप्पू- तेरे ही कहने पर उसे चेन गिफ्ट किया था, इसलिए निकाला। दोस्त- चेन चांदी की थी क्या? पप्पू- नहीं साइकिल की।

चिंटू: दुखी होकर बैठा था पिंटू ने पूछा क्या हो गया इतना परेशान क्यों है चिंटू: यार मेरे बाल बहुत झड़ रहे हैं। पिंटू क्यों? चिंटू:चिंता से यार पिंटू: किस बात की चिंता है यार तुझे? चिंटू: बाल झड़ने की।

एक बहरा बाइक खींच के ले जा रहा था! दूसरा बहरा: क्या हुआ भाई, पेट्रोल खत्म हो गया क्या...? पहला बहरा: नहीं यार, पेट्रोल खत्म हो गया...! दूसरा बहरा: अच्छा... अच्छा, मैं समझा कि पेट्रोल खत्म हो गया...!

रोहन भागता हुआ पुलिस के पास आया और बोला मुझे जेल में डाल दो। पुलिस: लेकिन ये तो बताओ तुमने किया क्या है? रोहन: मैंने अपनी पत्नी के सिर में डंडा मार दिया है। पुलिस: तो क्या पत्नी मर गई। रोहन: यही तो चिंता की बात है, वो बच गई और अब मुझे ढूंढ रही है....।

सोनू: यार मोनू मैंने अपना रिश्ता तोड़ दिया मोनू चौंकते हुए, क्यों सोनू : यार उसका कभी कोई बॉयफ्रेंड नहीं था। मोनू: ये तो अच्छी बात है न। सोनू: एक बात सोच जो अभी तक किसी एक की नहीं हो पाई, वो मेरी क्या होगी... मोनू बेहोश...।

## कहानी | घर का भेद

एक नगर में देवशक्ति नाम का राजा रहता था। उसके पुत्र के पेट में एक सांप चला गया था। उस सांप ने वहीं अपना बिल बना लिया था। पेट में बैठे सांप के कारण उसके शरीर का प्रति-दिन क्षय होता जा रहा था। बहुत उपचार करने के बाद भी जब स्वास्थ्य में कोई सुधार न हुआ तो अत्यन्त निराश होकर राजपुत्र अपने राज्य से बहुत दूर दूसरे प्रदेश में चला गया और वहां सामान्य भिखारी की तरह मंदिर में रहने लगा। उस प्रदेश के राजा बलि की दो नौजवान लड़कियां थीं। वह दोनों प्रति-दिन सुबह अपने पिता को प्रणाम करने आती थीं। उनमें से एक राजा को नमस्कार करती हुई कहती थी महाराज! जय हो। आप की कृपा से ही संसार के सब सुख हैं। दूसरी कहती थी-महाराज! ईश्वर आप के कर्मों का फल दे। दूसरी के वचन को सुनकर महाराज क्रोधित हो जाता था । एक दिन इसी क्रोधावेश में उसने मन्त्री को बुलाकर आज्ञा दी-मन्त्री ! इस कटु बोलने वाली लड़की को किसी गरीब परदेसी के हाथों में दे दो, जिससे यह अपने कर्मों का फल स्वयं चखे। मन्त्रियों ने राजाज्ञा से उस लड़की का विवाह मंदिर में सामान्य भिखारी की तरह ठहरे परदेसी राजपुत्र के साथ कर दिया। राजकुमारी ने उसे ही अपना पति मानकर सेवा की। दोनों ने उस देश को छोड़ दिया। थोड़ी दूर जाने पर वे एक तालाब के किनारे ठहरे। वहां राजपुत्र को छोड़कर उसकी पत्नी पास के गांव से घी-तेल-अन्न आदि सौदा लेने गई। सौदा लेकर जब वह वापस आ रही थी, तब उसने देखा कि उसका पति तालाब से कुछ दूरी पर एक सांप के बिल के पास सो रहा है। उसके मुख से एक फनियल सांप बाहर निकलकर हवा खा रहा था । एक दूसरा सांप भी अपने बिल से निकल कर फन फैलाये वहीं बैठा था। दोनों में बातचीत हो रही थी। बिल वाला सांप पेट वाले सांप से कह रहा था-दुष्ट ! तू इतने सर्वांग सुंदर राजकुमार का जीवन क्यों नष्ट कर रहा है ? पेट वाला सांप बोला-तू भी तो इस बिल में पड़े स्वर्णकलश को दूषित कर रहा है। बिल वाला सांप बोला-तो क्या तू समझता है कि तुझे पेट से निकालने की दवा किसी को भी मालूम नहीं। कोई भी व्यक्ति राजकुमार को उकाली हुई कांजी की राई पिलाकर तुझे मार सकता है। पेट वाला सांप बोला, तुझे भी तो गर्म तेल डालकर कोई भी मार सकता है । इस तरह दोनों ने एक दूसरे का भेद खोल दिया। राजकन्या ने दोनों की बातें सुन ली थीं। उसने उनकी बताई विधियों से ही दोनों का नाश कर दिया। उसका पति भी नीरोग हो गया और बिल में से स्वर्ण-भरा कलश पाकर गरीबी भी दूर हो गई । तब, दोनों अपने देश को चल दिये। राजपुत्र के माता-पिता दोनों ने उनका स्वागत किया।

## 5 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** — आज का दिन आपके लिए मिश्रित प्रभाव दायक है। इस समय आप जो भी बोलें बहुत सोच-समझ कर बोलें। कार्यस्थल पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

**वृषभ** — आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो लोग जॉब कर रहे हैं, आज उन्हें अपने किसी काम के लिये इन्क्रीमेंट मिल सकता है। वहीं जो लोग जॉब की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है।

**मिथुन** — आज आपकी कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी और बेहतर परिणाम सामने आयेंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है

**कर्क** — यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है। आपके पास नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे। आज व्यवसायिक एव आर्थिक लाभ संभव है।

**सिंह** — आज बिजनेसमैन काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आपको पेट से जुड़ी कोई समस्या हो सकती है।

**कन्या** — आज का दिन बहुत आसानी से बीतेगा। कोई चिंता न रखें। सहकर्मियों का सहयोग मिलने से निविघ्न कार्य संपन्न होंगे, व्यक्तिगत जान पहचान से लाभ होगा। नकारात्मक विचार मन को घेर सकते है।

**तुला** — आज आपको बहुत सारे लाभ मिल सकते हैं। किन्तु यदि आप लाभ हेतु, आसान तरीकों की तलाश करते हैं तो आर्थिक आप केवल बुरे परिवर्तनों को आमंत्रित कर रहें हैं। व्यापारिक गतिविधियों से आपको अच्छा लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज आप जीवन में किसी तरह के बदलाव को लेकर सोच-विचार कर सकते हैं। साथ काम करने वाले लोगों से भी इस बारे में बात करेंगे। आज सब लोग आपके लिये बहुत मददगार रहेंगे।

**धनु** — आज आपकी छोटी सी गलती से हाथ में आए हुए अवसर निकल सकते हैं। अच्छे परिणाम हासिल करने के लिए आज आपको योजनाबद्ध तरीके से काम करने की आवश्यकता है।

**मकर** — नौकरीपेशा जातको को थोड़ा सयम से व्यय करने की सलाह दी जाती है। कुछ जातकों द्वारा एक नया वाहन खरीदा जा सकता है। आज अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना शुभ रहेगा।

**कुम्भ** — आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। आपका व्यक्तित्व खुशबू की तरह चारों तरफ महकेगा। आपको कोई बड़ी प्रसिद्धि मिल सकती है। परिवार में किसी जरूरी काम के पूरा हो जाने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन** — आज आपको कारोबार में लाभ मिलेगा। आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा। स्वभाव में उदासीनता छाई रहेगी।

बॉलीवुड | मन की बात

# एकता कपूर से पद्मश्री पुरस्कार वापस लेने की मांग



लग रहा है टीवी क्वीन एकता कपूर की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। हाल ही में बिहार के बेगूसराय की एक अदालत की ओर से एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की खबरें आई हैं। और अब सोशल मीडिया पर उनकी एक हरकत के लिए उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। एकता कपूर का एक वीडियो ट्विटर पर छाया हुआ है इस वीडियो में एकता मंदिर के बाहर बैठे गरीब लोगों की मदद करती नजर आ रही हैं। फिर आखिर ऐसा क्या हुआ है कि उन्हें ट्रोल किया जा रहा है? बता दें एकता कपूर का ये वीडियो किसी मंदिर के बाहर का है, जहां वे गरीबों को फल बांटती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में एकता कपूर को मंदिर के बार बैठे लोगों को फल तो बांट रही हैं लेकिन उनके इस दान या मदद का तरीका काफी खराब लग रहा है। वह दूर से ही फलों को फेंक कर उन्हें भेंट दे रही हैं ताकि किसी का भी हाथ उनसे ना छू जाए। एक बुजुर्ग गरीब महिला को तो इतनी जल्दबाजी में फेंकते हुए फल देने की कोशिश की कि वो नीचे ही गिर गए। गरीबों के साथ इस तरह पेश आने की हरकत वाकई बेहद दुखी करती है। इस वीडियो को सैकड़ों लोगो ने देखा और अब एकता के प्रति उनका गुस्सा फूट पड़ा है। एक नेटिजन ने लिखा,ब्रिटिशर्स के बाद सिर्फ बॉलीवुड सेलेब और हाई-क्लास लोग ही हैं जो गरीबों को अछूत समझते हैं। इस वीडियो को देखने के बाद गुस्साए लोग एकता की इस बात के लिए कड़ी निंदा तो कर ही रहे हैं साथ ही यूजर्स से उन्हें भारत सरकार की ओर से दिए गए पद्मश्री अवॉर्ड को भी वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

# केसरिया को लेकर अयान से खुश नहीं थे करण जौहर


नौ सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म ब्रह्मास्त्र लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म 250 करोड़ के लगभग बिजनेस कर चुकी है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट जहां फिल्म रिलीज के बाद भी लगातार 'ब्रह्मास्त्र' का प्रमोशन करते हुए नजर आए, तो वहीं दूसरी तरफ करण जौहर और अयान मुखर्जी ने ब्रह्मास्त्र के पॉपुलर गाने 'केसरिया' के शूट के दौरान दोनों के बीच के क्रिएटिव डिफरेंस के बारे में बात की। करण ने ये भी बताया कि अयान द्वारा लिया गया एक शॉर्ट उन्हें बिलकुल भी पसंद नहीं आया था।

टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी रिपोर्ट्स की मानें तो अयान मुखर्जी ने करण जौहर और अपने क्रिएटिव डिफरेंस के बारे में बात करते हुए फिक्की फ्रेम्स फास्ट ट्रैक इवेंट में कहा, 'कुछ चीजे थी जो करण को बिलकुल भी पसंद नहीं आई थी। उस सीक्वेंस में एक बहुत ब?ी काली पूजा होने वाली थी। लेकिन जब करण ये सीक्वेंस करण ने देखा, तो वह थोड़े क्रूर हो गए थे। इतना ही नहीं अयान मुखर्जी ने इस दौरान अभद्र भाषा का उपयोग भी किया और बाद में ये कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि मुझे ये कहने की छूट हो'।



अयान मुखर्जी की इस बात को सुनने के बाद करण ने कहा, 'मैंने ऐसा कभी नहीं किया। मैंने बस ये कहा था कि ये सीन बहुत ही खराब है और तुम्हें इसे दोबारा री-शूट करना चाहिए। ऐसा था भी, ये बात हम अब कह सकते हैं कि उस समय केसरिया गाने को बिलकुल अलग तरह से शूट किया गया था। जब रणबीर केसरिया गाने का शूट कर रहा था, उस दौरान उसे थोड़ा बुखार था। जब मैंने ये गाना देखा तो मैंने अयान से पूछा, ये सब क्या हो रहा है। ये क्या कर रहे हो तुम अयान? वह डांस क्यों कर रहे थे। केसरिया को बिलकुल अलग तरह से फिल्माया गया था। धुन वही थी बस उसे अलग तरह से ट्रीट किया गया। उसके बाद अयान को ये लगा कि इसे अलग तरह से फिल्माया जाना चाहिए'।

करण जौहर की फिल्मों पर अक्सर धुन चुराने का आरोप लगता रहा है। जब केसरिया गाना रिलीज हुआ था उस दौरान भी इस गाने के लिरिक्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी मजाक उड़ाया गया था। सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे भी ट्रोल्स थे जिन्हें ब्रह्मास्त्र के केसरिया गाने और 2007 में आई फिल्म 'एक चालीस की लास्ट लोकल' गाने 'लारी छोटी' गाने के बीच काफी सिमिलर चीजें महसूस हुई थी। हालांकि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के ऊपर फिल्माए गए इस गाने को साल 2022 का वन ऑफ द बेस्ट रोमांटिक ट्रैक माना जा रहा है। अरिजीत सिंह द्वारा गाए इस गाने को यूट्यूब पर बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।



बॉलीवुड | मसाला

# नए घर में शिफ्ट हुए शाहिद कपूर-मीरा राजपूत

बॉलीवुड | गपशप

पिछले कई दिनों से बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर के नए घर में शिफ्ट होने की चर्चा रही है। अब खबर है कि परिवार के साथ एक्टर अपने नए डुप्लेक्स घर में शिफ्ट हो गए हैं। आपको बता दें कि उनके इस घर की कीमत 58 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मुंबई के वर्ली एरिया में स्थित घर को शाहिद ने पत्नी मीरा राजपूत के साथ मिलकर 2018 में बुक कराया था और 2019 में उन्हें अपने इस नए अपार्टमेंट के अधिकार मिले थे, लेकिन कोरोना के कारण उन दिनों अपने नए घर में शिफ्ट नहीं हो पाए थे। पिंकविला की रिपोर्ट की मानें तो, इस घर को शाहिद कपूर और मीरा राजपूत ने मिलकर ही अपने इस घर का इंटीरियर डिजाइन किया है। पांच दिन पहले ही कपल अपने बच्चों के साथ इस नए घर में शिफ्ट हुए हैं। यह घर भी पहले वाले घर की तरह वर्ली के पॉश इलाके में समंदर के सामने है। गृह प्रवेश करने से पहले एक छोटी सी पूजा रखी गई थी, जिसमें सिर्फ कपूर परिवार लोग शामिल हुए थे। इस घर की बालकनी से बाहर का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। कपल के नए घर की कीमत 58 करोड़ रुपए है। इस नए घर को खरीदने के दौरान शाहिद ने एक इंटरव्यू में कहा था- बच्चे बड़े हो रहे हैं और उन्हें स्पेस की जरूरत होगी। अभी मेरे घर में सारी जगह मेरे बच्चों की है। मीरा और मुझे भी स्पेस की जरूरत है। बीतते समय के साथ, परिवार के लिए और अधिक जगह बनाना महत्वपूर्ण होता है।



अजब-गजब | 160 सालों से लोगों के डर का बना है कारण

# दुनिया के सबसे खौफनाक घरों में शामिल है ये मकान!

अक्सर लोग कहते हैं कि डर इंसान के मन में होता है और भूत-प्रेत जैसी कोई चीज नहीं होती, मगर उसके बावजूद भी लोगों के साथ कुछ ऐसे अनुभव जिंदगी में हो जाते हैं जो उन्हें ये भरोसा दिला देते हैं कि जीवित दुनिया से परे भी कुछ ऐसा हमारे बीच मौजूद है जिसकी कोई व्याख्या नहीं होती। दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जहां लोग भूत होने का दावा करते हैं। आज हम आपको भारत से दूर, ब्रिटेन ले चल रहे हैं जहां एक 160 साल पुराना मकान है जिसे ब्रिटेन का सबसे डरवाना घर माना जाता है।

1862 में बोर्ले रेक्टरी नाम के इस मकान का निर्माण इंग्लैंड के एसेक्स में हुआ था। यहां एक छोटा कसब है जिसका नाम बोर्ले है. ये मकान एक रेक्टरी के रूप में बनाया गया था। रेक्टरी वो जगह होती है जहां रेक्टर यानी धर्म गुरू रहा करते हैं। इस रेक्टरी का निर्माण हेनरी डॉसन एलिस बुल ने करवाया था जिन्हें एक साल बाद रेक्टर बनाया गया और वो इस मकान में अपने परिवार के साथ शिफ्ट हो गए थे। मकान के निर्माण के बाद से ही इसे भूतिया कहा जाने लगा था। इसके निर्माण के पहले यहां दूसरी रेक्टरी थी जो 1841 में लगी एक आग के कारण पूरी तरह नष्ट हो गई थी। कई लोगों ने दावा किया है कि इस घर के निर्माण के कुछ वक्त बाद से ही विचित्र घटनाएं होने लगी थीं। डेली स्टार वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार कई लोकल लोगों ने दावा किया है कि देर रात उन्हें मकान के अंदर से किसी के चलने की आवाज आती थी। साल 1900 के करीब हेनरी की बेटियों को एक नन का भूत घर के ठीक बाहर नजर आया। जब वो उसके पास जाने लगीं तो वो गायब हो गई। कई लोगों ने तो ये भी दावा किया कि उन्होंने दो बिना सिर वाले भूतों को घोड़ा गाड़ी चलाते हुए देखा है। वक्त के साथ विचित्र घटनाएं बढ़ती गईं। किसी ने दावा किया कि सामान अपने आप हिलने लगे तो किसी ने कहा कि घर में अचानक से आग लग गई। साल 1937 से 1938 तक हैरी प्राइस नाम का एक शख्स उसी घर में रहा। असल में प्राइस एक साइकिक रिसर्च थे जो भूतियां विषयों पर रिसर्च करते थे और भूतों क पता लगाते थे। उन्होंने 1940 में एक किताब लिखी जिसमें इस घर के भूतिया होने का दावा किया, हालांकि, बाद में प्राइस के दावे को लोगों ने झूठा भी बताया। आज तक इस घर को इंग्लैंड का सबसे भूतिया घर माना जाता है।



# इन देशों में हैं शादी के अजब गजब रीति रिवाज



दुनियाभर में कई अजीबोगरीब रीति रिवाजों का पालन किया जाता है। दुनिया के अलग-अलग देशों में होने वाली शादियों में भी कई तरह की परंपराओं का पालन किया जाता है जिनके बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। शादियों में पालन किए जाने वाले रीति रिवाजों का अलग-अलग महत्व होता है। भारत की शादियों में जूता चुराने की रस्म बहुत फेमस है, लेकिन दूसरे देश के लोग इस बारे में जानेंगे, तो उन्हें अजीबोगरीब लगेगा। इसी तरह दुनिया के दूसरे देशों में भी शादियों में कई तरह की रस्मों का पालन किया जाता है जो बेहद अजीबोगरीब होती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी ही अजीबोगरीब रीति रिवाजों के बारे में बताएंगे जिनका वहां की होने वाली शादियों में पालन किया जाता है। इन रीति रिवाजों और रस्मों के बारे में जानकर आपको हैरानी होगी और हंसी भी आएगी। तो आइए जानते हैं इन अजीबोगरीब रीति रिवाजों के बारे में... **फ्रांस**- फ्रांस में होने शादी में एक पुरानी परंपरा का पालन किया जाता है जिसे चारीवारी कहा जाता है। इस परंपरा के मुताबिक, दोस्त और परिजन शादी वाली रात को दूल्हा-दुल्हन के दरवाजे को बर्तन से बजाते हैं और जोड़े को बाहर निकालकर ड्रिंक्स और स्नैक्स ऑफर किया जाता है। **स्कॉटलैंड**- इस देश में दूल्हा-दुल्हन के ऊपर पर कूड़ा-कचरा और बुरी चीजों को गिराया जाता है। इस परंपरा के पालन करने का मकसद यह है कि दूल्हा-दुल्हन अपने जीवन में सभी समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार रहें। **चीन**-चीन में दूल्हा-दुल्हन को एक अजीबोगरीब परंपरा का पालन करना पड़ता है। यहां पर लड़की को शादी के एक महीने पहले से हर दिन एक घंटे रोना पड़ता है। परिजन भी लड़की के साथ मिल कर रोते हैं। **फिजी**-फिजी में एक अजीबोगरीब रीति रिवाज का पालन किया है। इस देश में लड़की का हाथ मांगने के लिए लड़का आता है, तो उसे लड़के के पिता को वेल का दांत देना पड़ता है। **वेल्स**-दुनिया में होने वाली शादियों में अजीबोगरीब की परपराओं की तरह वेल्स में भी एक अनोखे रीति रिवाज का पालन किया जाता है। यहां पर दुल्हन को दूल्हा लवस्पून देता है। इस पीछे का उद्देश्य यह है कि वह अपनी पत्नी को कभी खाली पेट नहीं सोने देगा। वह उससे विश्वास दिलाता है कि उसकी जरूरतों को पूरा करेगा।

# यूपी से जब भाजपा हारेगी तभी केंद्र से होगा सफाया : अखिलेश

## » हर संघर्ष के लिए रहना होगा तैयार, लोकतंत्र की हत्या कर रही भाजपा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष 2024 में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटाने के लिए हमें हर संघर्ष के लिए तैयार रहना है। भाजपा को सत्ता से हटाने में उत्तर प्रदेश की मुख्य भूमिका होगी। प्रदेश से जब भाजपा हारेगी तभी केंद्र में उसका सफाया होगा। इसके लिए हमें बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत बनाना और जनता के बीच अपनी नीतियां-कार्यक्रम पहुंचाना होगा।**

भाजपा की कुनीतियों और अन्याय के खिलाफ संघर्ष तेज किया जाएगा। तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में विभिन्न राज्यों से आए पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। वह सत्ता का दुरुपयोग करके निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को प्रदूषित कर रही है। इस समय लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादियों के जागरूक रहने की जरूरत है। तमाम प्रदेशों से आए नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कहा कि सपा को राष्ट्रीय दल की मान्यता दिलाने व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर अखिलेश को पार्टी मुख्यालय में बधाइयां देने वालों की भीड़ रही। इनमें प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के अलावा महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी, मध्य प्रदेश के रामायण सिंह पटेल, पश्चिम बंगाल के मानस भट्टाचार्य, उत्तराखंड के एसपी पोखरियाल, कर्नाटक के एन. मनजप्पा, केरल के डा. साजी पोथेन थामस एवं झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव प्रमुख थे।



### अकेले दम पर निकाय चुनाव लड़ेगी प्रसपा

प्रसपा अकेले दम पर निकाय चुनाव लड़ेगी। इसके लिए प्रसपा ने अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने पदाधिकारियों को जमीन पर काम करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर व्यक्ति को अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा और शुद्ध पानी मिलने का अधिकार है। गरीबों को ये सब चीजें निःशुल्क उपलब्ध कराकर लोक कल्याणकारी राज्य का उदाहरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए । गौरतलब है कि 2022 विधान सभा के चुनाव में प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने सपा के टिकट पर जसवंतपुर से चुनाव लड़ा और जीते। राष्ट्रपति चुनाव में अखिलेश ने उन्हें मुक्त कर दिया।

# निजी स्वार्थ के लिए गलत रास्ते पर चल रहे हैं बाबूलाल : हेमंत सोरेन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पतना स्थित अपने आवास में कहा कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय व नियोजन नीति का प्रस्ताव कैबिनेट में पास हो चुका है। इससे मूलवासियों एवं आदिवासियों को हक और अधिकार मिला है। इससे राज्य के लोगों का भला होगा। इस प्रस्ताव से गांव और गरीब में खुशी का माहौल है। लोग अबीर गुलाल लगा कर सरकार की बधाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी निज स्वार्थ के लिए गलत रास्ते पर चल रहे हैं।**



देखिए झारखंड की जनता उन्हें कहां लेकर जाएगी। उनके पास जुमलेबाजी के सिवाय कुछ नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि वे विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्हें संतोषजनक जवाब दिया जाएगा। राज्यपाल के बंद लिफाफे के संबंध में कहा कि इसका जवाब तो महामहिम देंगे। कहा कि सरकार बनने के साथ ही विपक्ष ने साजिश रचनी शुरू कर दी। उसी समय से सरकार गिर रही है। विपक्ष ख्याली पुलाव पका रहा है। विपक्ष का यह सपना पूरा नहीं होने वाला है। हमारी सरकार मजबूत स्थिति में है और जनता के हित में काम कर रही है। क्षेत्र का विकास देख विपक्षियों के पेट में दर्द होने लगा है। साहिबगंज में पत्थर कारोबार ठप होने तथा रोजगार के अभाव में लोगों के पलायन करने पर उन्होंने कहा कि 20 साल तक राज्य में भाजपा ने सरकार चलायी और इसके जरिए धन संग्रह किया।

# देश को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना युवाओं के कंधे पर : राजेश्वर सिंह

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। राजधानी के अंबालिका इंस्टीट्यूट में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने छात्रों के साथ कई विषयों पर बातचीत की। राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारत का बेहद गौरवशाली इतिहास रहा है। गणित और विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने दुनिया का नेतृत्व किया है। अब युवाओं की यह जिम्मेदारी है कि भारत को एक बार फिर विश्व के नेतृत्वकर्ता व महाशक्ति के रूप में स्थापित करें।**

राजेश्वर सिंह ने कहा यह आजाद भारत हमारी विरासत है, जिसके लिए हमारे पूर्वजों बुजुर्गों के बलिदान और त्याग किया। जब देश आजाद हुआ उस समय देश की विकास दर 3 थी। आज 8.7 के साथ भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत, अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था 119,547 बिलियन डॉलर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 8051 बिलियन डॉलर के साथ 6.7 है। उस वक्त औसत



आयु 35 वर्ष ही थी जोकि आज बढ़कर 70 साल है। 1950 में हमारी साक्षरता दर 20 प्रतिशत से भी कम थी, महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 9 प्रतिशत थी। आज हमारी साक्षरता दर 74 प्रतिशत है.'। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सरोजनीनगर विधायक ने कहा कि भारत एक युवा देश है। यहां 70 करोड़ से अधिक युवा है। अब यह जिम्मेदार देश के युवाओं पर है कि उन्हें देश को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। आपको हिंदुस्तान को ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में नंबर एक पर लेकर जाना है।

# झांसी के पूर्व सपा विधायक पर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। झांसी के गरौठा से पूर्व सपा विधायक दीप नारायण के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है। निदेशालय की प्रयागराज ईकाई ने पूर्व विधायक के खिलाफ दो महीने पहले दर्ज भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के केस को आधार बनाया है।**

ईडी की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके तहत विधायक से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया जाएगा। साथ ही उनके आय के स्रोत का भी पता लगाया जाएगा। जानकारी जुटाई जाएगी कि निर्धारित अवधि में पूर्व विधायक ने जिस आय से अधिक रकम को खर्च किया, उक्त अवधि में उसका स्रोत क्या रहा। गौरतलब है कि विजिलेंस की ओर से 30 जुलाई को पूर्व विधायक पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। झांसी सेक्टर थाना में दर्ज इस मुकदमे में उन पर आय से अधिक संपत्ति के आरोप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोप है कि लोकसेवक रहते हुए निर्धारित अवधि में वैध व ज्ञात स्रोतों से उनकी कुल आय 14.30 करोड़ थी।

# दुद्धी के पूर्व विधायक समेत दो को तीन-तीन वर्ष कैद

## » पुलिस पर फायरिंग करने का मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**सोनभद्र। साढ़े सात वर्ष पूर्व पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्रा की अदालत ने अपना दल (एस) से दुद्धी के पूर्व विधायक हरिराम चेरो समेत दो को दोषी करार दिया। दोनों को तीन-तीन वर्ष कैद और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दो अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया गया।**

अभियोजन पक्ष के मुताबिक 14 जनवरी 2015 को उपनिरीक्षक जेके सिंह प्रभारी जन शिकायत प्रकोष्ठ पुलिस बल के साथ पुलिस कार्यालय से रवाना हुए। उन्हें स्वाट प्रभारी सुनील चंद्र तिवारी और चुर्क चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ चुर्क मोड़ पर मिले। सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश डाला जेपी एसोसिएट के अधिशासी अधिकारी अजय शर्मा के अपहरण की साजिश रच रहे हैं। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और



स्कॉर्पियो से आए बदमाशों को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो उन्होंने फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने भी हवाई फायरिंग कर स्कॉर्पियो सवार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से असलहा, कारतूस, विस्फोटक सामग्री आदि बरामद हुआ। पूछताछ में उनकी पहचान हरिराम चेरो निवासी गरदरवा थाना हाथीनाला, गिरजानंद सिंह चेरो निवासी ककरोत, थाना पाटन, जिला पलामू झारखंड, जावेद अहमद व बमभोला पासवान के रूप में हुई। पुलिस ने ओबरा थाने में एफआईआर दर्ज कर विवेचना की। अदालत ने दोषी मिलने पर दुद्धी के पूर्व विधायक हरिराम व गिरजानंद सिंह चेरो को 3-3 वर्ष की कैद और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# गुजरात पीएम मोदी और बीजेपी की जड़ !

## » बीजेपी और कांग्रेस दोनों मिलकर बर्बाद कर रहे हैं राज्य को

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। गुजरात के भावनगर में दुनिया के पहले सीएनजी टर्मिनल के लिए नींव रखी गई। गुजरात में इस साल ही चुनाव होने है और 2024 भी सामने है और ऐसे में पीएम मोदी की गुजरात को ये सौगात जनता को लुभाने का एक प्रयास है। ऐसे में एक बड़ा सवाल ये उठता हैं कि क्या है डर जो मोदीजी, गुजरात में दे रहे है हजारों करोड़ों रुपये की सौगात? इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राकेश पाठक, विवेक देशपांडे, अनिल जयहिंद, वंशराज दुबे प्रवक्ता आप और 4पीएम के संपादक संजय शर्मा ने एक लंबी परिचर्चा की।**




**परिचर्चा**

रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा

डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि इस बार बीजेपी, मोदी-अमित शाह और तमाम बीजेपी के नेता वो गुजरात में डरे और हिले हुए है। जिस तरह से आम आदमी पार्टी आक्रामक प्रचार कर रही है। जिसका असर गांव और शहर में देखने को मिल रहा है। गुजरात मोदी और बीजेपी की जड़ है। विवेक देशपांडे ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि गुजरात में आम आदमी पार्टी जबरदस्त तरीके से सामने आएगी। ये हो सकता है कि बीजेपी ने इंटरनल सर्वे किया हो जिससे शायद लग रहा हो कि आम आदमी पार्टी उनके लिए धोखादायक हो सकती है। डॉ. राकेश पाठक ने कहा कि संघ के धागे से मक्खन को काटता है आवाज नहीं होती। तो हो सकता है वो धागा मक्खन को काटने चल पड़ा हो और वो आवाज जब भी चुनाव हो और बेआवाज मक्खन कट जाए। आप अतीत को नहीं भूल सकते है। 2017 के चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन कोई बहुत अच्छा नहीं था और 100 का आंकड़ा नहीं छू पाई थी।

आप प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को गुजरात की जनता ने आमंत्रित किया है। सूरत के नगर निगम चुनाव में 27 सीटें पार्टी जीतती है। 25 साल में बीजेपी ने गुजरात को बदहाल कर दिया जिसके लिए जितनी जिम्मेदार बीजेपी है उतनी ही कांग्रेस भी जिम्मेदार है।





# बृजेश पाठक ने गुरु गोरखनाथ के किए दर्शन, मंदिर का भ्रमण भी किया

» सीएम की बदौलत गोरखपुर बना विकास का मॉडल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क


लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गोरखपुर दौरे पर हैं। कल उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय में पार्टी नेता और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की, तो वहीं आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रातः काल गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। बृजेश पाठक ने महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। साथ ही उन्होंने मंदिर भ्रमण के साथ ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर पुष्प चढ़ाए।

बता दें कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कल देर शाम गोरखपुर आए और क्षेत्रीय कार्यालय में पार्टी नेता व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। क्षेत्रीय कार्यालय में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की बदौलत गोरखपुर विकास का मॉडल बना है। इसमें कुछ हमारा योगदान हो जाए तो खुद को सौभाग्यशाली समझूंगा। इससे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष व एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि नवरात्रि है। उपमुख्यमंत्री ने व्रत रखा है, फिर भी केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलों का दौरा कर रहे हैं। गोरखपुर मंडल के कुछ जिलों से दौरा करके गोरखपुर आए हैं।

# 75 हजार ग्रामीण परिवारों को कल नल कनेक्शन देंगे स्वतंत्र देव

» जल शक्ति मंत्री ने तय किया लक्ष्य

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार दो अक्टूबर को 75 हजार ग्रामीण परिवारों को नल से जल पहुंचा कर राष्ट्रपति महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देगी। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में बापू की जयंती पर 75 हजार नए परिवारों को नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि गांव, गरीब, किसानों के घर-घर तक नल से स्वच्छ जल की सप्लाई शुरू करके हम बापू को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने अधिकारियों से जिलों के गांव-गांव में जाकर स्वच्छता का संदेश देने, ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व की जानकारी और जल संचयन के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने योजना को तेज गति देने के लिए आला आधिकारियों से निचले स्तर तक संवाद बनाने और योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए कहा है।

जल शक्ति मंत्री ने विभाग में काम करने वाले सभी अभियंताओं को नियमित रूप से जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने और कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जल निगम के एमडी बलकार सिंह और राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन कुमार भी मौजूद रहे। बता दें कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर 75 हजार नए परिवारों को नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

फोटो :4 पीएम



**प्रस्तुति** नवरात्रि पर्व पर लखनऊ में बंगाली क्लब में भव्य दुर्गा पूजा पंडाल सजा है, जिसमें मां दुर्गा की प्रतिमा महिषासुर मर्दिनी के रूप में विराजमान है। भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति देते कलाकार।

# मायावती का केन्द्र सरकार पर तंज अमीरी-गरीबी की खाई कैसे पटेगी?

» बसपा मुखिया ने ट्वीट कर देश के गरीब तथा निम्न आय वर्ग के परिवारों की हालत पर चिंता व्यक्त की

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। बसपा मुखिया मायावती देश के सभी गरीब तथा निम्न आय वर्ग वाले परिवारों की हालत पर बेहद चिंतित हैं। मायावती ने आज दो ट्वीट से देश के उद्योगपतियों की निजी पूंजी में अभूतपूर्व वृद्धि होने के साथ महंगाई तथा गरीबी बढ़ने पर गहरी चिंता जताई है।

उन्होंने ट्वीट किया- सरकारी कृपादृष्टि के कारण भारत के उद्योगपतियों की निजी पूंजी में अभूतपूर्व वृद्धि होने से अब विश्व के धन्नासेठों में उनकी गिनती है। देश में करीब 130 करोड़ गरीब व निम्न आय परिवारों के जीवन में थोड़ा भी सुधार नहीं होना अति-चिन्ता की बात। सरकार इस खाई को कैसे पाटेगी। साथ ही भारतीय रुपए के मूल्य में अनवरत गिरावट चुभने वाला संवेदनशील मुद्दा है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी लगातार कमी की खबरें अब लोगों को विचलित करने लगी हैं। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालने में यहां के उद्योगपतियों की भूमिका क्या है, देश जानने को इच्छुक। मायावती इन दिनों लगातार ट्वीट से केंद्र और प्रदेश की सरकार पर हमलावर है।

# वाराणसी कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी, एक हिरासत में

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। वाराणसी के फुलवरिया पहलुपुरा से आधी रात को मुख्यमंत्री आवास पर फोन कर कचहरी परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई तो कमिश्नरेट पुलिस हलकान हो गई। कैंट पुलिस ने धमकी वाले नंबर को ट्रेस किया। पुलिस ने सब्जी विक्रेता के परिजनों को हिरासत में लिया। परिजनों के अनुसार उनका मोबाइल गुरुवार को घर से चोरी हो गया था। पड़ोसियों पर शरारत का आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार फोन करने वाले ने वाराणसी के संवेदनशील मुद्दे को जोड़ते हुए कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसकी जानकारी रात में ही सीएम आवास से वाराणसी कमिश्नरेट को दी गई। सूचना मिलते ही अफसरों के हाथ-पांव फूल गये। तत्काल नंबर के आधार पर इसका लोकेशन लिया गया। इसके बाद कैंट सर्किल के एसीपी के नेतृत्व में छानबीन शुरू हुई। टीम फुलवरिया के पहलुपुरा में पहुंची और सब्जी विक्रेता गुलाब सोनकर को हिरासत में लिया।

# पीएफआई के टारगेट पर थे पांच आरएसएस नेता, केंद्र ने दी वाई कैटेगरी की सुरक्षा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। पॉपुलर डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीएफआई) से केरल के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ(आरएसएस) नेताओं की सुरक्षा के मद्देनजर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के मुताबिक केरल के 5 आरएसएस नेताओं को केंद्र सरकार की ओर से सुरक्षा दी गई है।

हाल ही में गिरफ्तार किए गए कुछ पीएफआई नेताओं से पूछताछ में ये बात सामने आई है कि उनके निशाने पर कई आरएसएस नेता थे। बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एनआई और आईबी की रिपोर्ट के आधार पर केरल के पांच आरएसएस नेताओं को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी है। इन नेताओं की सुरक्षा में अब पैरामिलिट्री फोर्स के कमांडो तैनात रहेंगे। सूत्रों की मानें तो पीएफआई नेताओं के पास से एक लिस्ट मिली है, जिसमें कई आरएसएस नेताओं का नाम लिखा था।

# 25 लाख राज्यकर्मियों को दीपावली गिफ्ट देने की तैयारी में योगी सरकार

» डीए व बोनस भी मिलेगा, सीएम जल्द कर सकते हैं ऐलान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। प्रदेश के 25 लाख राज्यकर्मियों और पेंशनरों को सरकार दिवाली पर महंगाई भत्ते (डीए) और मंहगाई राहत (डीआर) में बढ़ोतरी और बोनस का तोहफा देने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय कर्मचारियों व पेंशनरों के डीए-डीआर में वृद्धि और बोनस के एलान के बाद अब प्रदेश में भी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री जल्द ही इसका एलान कर सकते हैं।

आम तौर पर केंद्र सरकार की ओर से डीए-डीआर बढ़ाने के बाद राज्य सरकार भी अपने कर्मचारियों व पेंशनरों के लिए घोषणा करती है। केंद्रीय कर्मचारियों व पेंशनरों के डीए और डीआर में 1 जुलाई 2022 से चार फीसदी की वृद्धि का निर्णय किया गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही राज्य सरकार भी इस बाबत निर्णय करेगी। राज्यकर्मियों को अभी 34 प्रतिशत की दर से डीए और डीआर का भुगतान किया जा रहा है। बढ़ोतरी के बाद यह 38 फीसदी हो जाएगा। राज्य सरकार त्योहारों खास तौर पर दीपावली पर अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस देती है। उम्मीद जताई जा रही है कि राज्य सरकार इसी महीने कर्मचारियों को बोनस देने का फैसला कर सकती है। उम्मीद है कि 24 अक्टूबर से पहले वेतन भुगतान का आदेश जारी कर दिया जाएगा। वित्त विभाग के सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार की घोषणा के बाद वित्त विभाग ने भी डीए-डीआर में वृद्धि व बोनस देने का प्रस्ताव तैयार कराने की कवायद शुरू कर दी। इसके बाद इसे मुख्यमंत्री के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हरी झंडी मिलने के बाद आदेश जारी कर दिया जाएगा।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।